भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या: 2996

गुरूवार, 4 अगस्त, 2022/13 श्रावण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

कृषि उड़ान योजना

2996. श्री राजबहादुर सिंह:
श्री मारगनी भरत:
डॉ. रमापति राम त्रिपाठी:
श्री बृजभूषण शरण सिंह:
श्री पी.पी.चौधरी:
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का किसानों को उनके शीघ्र खराब होने वाले उत्पादों को अन्य देशों में ले जाने में मदद करने के लिए कृषि उड़ान योजना को लागू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) जनवरी, 2021 से लेकर अब तक उक्त योजना के तहत परिवहित ताजे फलों और सब्जियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कृषि उड़ान योजना के तहत फुलों आदि जैसे बागवानी उत्पाद का परिवहन नहीं किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी ज़िले में कदीयम और आसपास के क्षेत्रों के बागवानी-किसानों को फूलों आदि के परिवहन के लिए सुविधा प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) कृषि उड़ान योजना के तहत विदेशों में ताजे फल और सब्जियों के निर्यात के लिए किस प्रकार खरीद की जा सकती है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क): कृषि उड़ान योजना से किसानों को कृषि उत्पादों के परिवहन में सहायता मिलती है ताकि इससे उनके मूल्य प्राप्ति में सुधार हो सके। हवाई परिवहन द्वारा कृषि-उत्पाद की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) भारतीय मालवाहकों के लिए लैंडिंग, पार्किंग, टर्मिनल नेविगेशनल लैंडिंग शुल्क (टीएनएलसी) और

रूट नेविगेशन सुविधा शुल्क (आरएनएफसी) और भारत में 58 हवाई अड्डों पर पी2सी (यात्री-से-कार्गो) विमानों की पूर्ण छूट प्रदान करता है।

(ख): जनवरी 2021 से जून 2022 तक संभलाई किए गए नाशवान (पेरीशेबल) कार्गो का राज्य-वार विवरण अनुबंध के रूप में संलग्न है।

(ग) और (घ): सभी कृषि उत्पाद जिसमें बागवानी शामिल है, जैसे फूल, आदि, मत्स्य, पशुधन और प्रसंस्कृत उत्पाद कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत आते हैं।

आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम हवाई अड्डा कृषि उड़ान योजना 2.0 के तहत चुना गया हवाई अड्डा है। इस योजना के तहत कृषि-उत्पाद के लिए आवश्यकतानुसार हवाई परिवहन और संभार (लॉजिस्टिक) सहायता प्रदान करती है। हितधारकों के परामर्श से समय-समय पर योजना की समीक्षा की जाती है। तथापि, जुलाई 2021 से जनवरी 2022 की अवधि के दौरान, राजमुंदरी हवाई अड्डे, जो आंध्र प्रदेश के कदियाम से 22 किमी दूर स्थित है, पर फूलों सहित कुल 0.787 मीट्रिक टन बागवानी उत्पादों की संभलाई की गई है ।

(ङ): कृषि उड़ान योजना एक अभिसरण योजना है जिसमें आठ मंत्रालय/विभाग नामत: नागर विमानन मंत्रालय, कृषि और किसान कल्याण विभाग, पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्य पालन विभाग, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, जनजातीय कार्य मंत्रालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (DoNER) कृषि-उत्पादों के परिवहन के लिए संभारतंत्र (लॉजिस्टिक) को मजबूत करने के लिए अपनी मौजूदा योजनाओं का लाभ उठाएंगे।

अनुलग्नक

'कृषि उड़ान योजना' के संबंध में 04 अगस्त 2022 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2996 के उत्तर में अनुलग्नक

मैट्रिक टन में नाशवान टन भार - जनवरी 2021 से जून 2022			
राज्य	घरेलू	अंतरराष्ट्रीय	कुल योग
अंडमान और निकोबार	4,821	-	4,821
आंध्र प्रदेश	3,401	11	3,412
असम	3,955	44	3,999
बिहार	4,653	-	4,653
छत्तीसगढ़	397	-	397
दिल्ली	4,308	35,152	39,460
गोवा	1,666	956	2,621
गुजरात	2,777	11,023	13,800
जम्मू और कश्मीर	3,335	-	3,335
झारखंड	1,099	-	1,099
कर्नाटक	5,285	48,127	53,412
केरल	6,434	67,330	73,764
लद्दाख	1,225	-	1,225
मध्य प्रदेश	499	360	859
महाराष्ट्र	14,597	62,475	77,072
मणिपुर	3,455	-	3,455
मिजोरम	-	-	-
नागालैंड	763	-	763
उड़ीसा	2,579	-	2,579
पंजाब	265	443	708

राजस्थान	1,149	-	1,149
तमिलनाडु	6,063	37,547	43,610
तेलंगाना	5,051	9,712	14,763
त्रिपुरा	929	-	929
उत्तर प्रदेश	218	199	417
उत्तराखंड	1	-	1
पश्चिम बंगाल	43,185	12,986	56,170

स्रोत: एएआईसीएलएएस

*****